रसोई गैस का अवैध धंधा बेनकाब पोल्ट्री फॉर्म से 64 सिलेंडर जब्त

▸ 64 व्यावसायिक खाली गैस सिलेंडर सहित अवैध गैस रिफिलिंग मशीन

नवभारत न्यूज

रतलाम। गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग और रिफिलिंग की शिकायतों पर पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गैस सिलेंडर से अवैध रिफिलिंग और पोल्ट्री फार्म पर व्यावसायिक गैस सिलेंडर की भारी मात्रा में प्रशासन के अधिकारियों द्वारा जब्ती की कार्रवाई की है। वहीं ढाबे पर भी घरेलू गैस सिलेंडर मिलने पर कार्रवाई की गई है

कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन मे तहसीलदार रतलाम ग्रामीण आशीष उपाध्याय द्वारा धराड़ की नई कॉलोनी स्थित एक पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान राहुल पिता राजेन्द्र सिंह सिसौदिया निवासी स्टेट बैंक के पास, धराड़ के पोल्ट्री फार्म की जांच की गई। जांच के दौरान पोल्ट्री फार्म के एक कमरे में 19 किलोग्राम के 64 नग खाली एचपीसीएल व्यावसायिक गैस सिलेंडर अवैध रूप से संग्रहित पाए गए, जिन्हें मौके पर ही जब्त कर लिया गया। जिला आपूर्ति अधिकारी आनंद गोले, तहसीलदार रतलाम ग्रामीण आशीष उपाध्याय, थाना प्रभारी अयूब ख़ान द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई । प्रकरण में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। प्रशासनिक टीम ने नागेश्वर बाईपास स्थित रोहिणी ढाबे पर भी जांच की। यहां से एक कमर्शियल गैस सिलेंडर तथा दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग नियमों के विरुद्ध है, जिस पर पंचनामा बनाकर आवश्यक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार हेमलता डिंडोर, फूड इंस्पेक्टर कादंबनी धकाते, पटवारी कमलेश जमारे, पटवारी स्वागत दुबे, राहुल मूलचंदानी तथा राजुल पटेल सहित प्रशासन की संयुक्त टीम मौजूद रही।

आलोट के मेवातीपुरा से मशीन और आठ सिलेंडर जब्त

एसडीएम आलोट रचना शर्मा ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों की रिफिलिंग की शिकायतों के बीच आलोट में बड़ी कार्रवाई करते हुए वार्ड क्रमांक-2 नागेश्वर रोड स्थित मेवातीपुरा क्षेत्र में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान वाजिद अलगानी के यहां से गैस रिफिलिंग में उपयोग होने वाली मशीन सहित 8 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। टीम ने मौके पर पंचनामा बनाकर सामग्री को जब्त कर वैधानिक कार्रवाई की ।

दशामाता पूजन की भीड़ में गैंग ने की वारदात, 6 गिरफ्तार

▸ वारदात में 4 महिलाओं सहित नाबालिग भी शामिल

नवभारत न्यूज

रतलाम। दशामाता पूजन के दौरान चैन स्नेचिंग की वारदात को 6 सदस्यीय गैंग ने अंदाम दिया था। पुलिस ने इंदौर और महाराष्ट्र की 4 शातिर महिलाओं व एक पुरूष सहित नाबालिग को पकड़कर उनके पास से चोरी किया गया माल जब्त किया है। माणक चौक थाना में प्रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक सत्येंद घनघोरिया ने वारदात को पूरी जानकारी दी।

उन्होंने बताया की हरदेव लाला की पीपली पर शुक्रवार सुबह दशामाता पूजन करने आई 74 वर्षीय महिला सावित्री देवी का अचानक गले से 3 तोला चैन गायब हो गई और पेंडल निचे गिर गया। महिला ने शोर मचाने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सुचना दी। वारदात की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच में जुट गई। माणकचौक थाना प्रभारी पतिराम डावरे के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित हुई। टीम ने मुखबिर सुचना और सीसीटीवी कैमरों के खंगालने के बाद धामनोद (धार) से आरोपी कमल पिता देवीसिंह राजोरिया जाति चर्मकार 42 वर्षीय निवासी हातोद जिला इंदौर, अलक पति सन्नी हटकली 35 वर्षीय निवासी गेदालाल मील जल गांव महाराष्ट्र हाल मुकाम परदेशीपुरा इन्दौर, जयश्री पति अनिल मनोहर सोनाने 30 वर्षीय निवासी शेगाव तालुका / तहसील शेगाव जिला बुल्ठाना महाराष्ट्र हाल मुकान पचशील नगर रल्वे स्टेशन के पास परदेशीपुरा इंदौर, शुष्ना पति विनायक हताग्ले 27 वर्षीय निवासी जिला जलगाव महाराष्ट्र, हाल मुकाम मालवा मील परदेशीपुरा इदौर, पुजा पति एनेश सक्ते 27 वर्षीय निवासी परदेशीपुरा पाटनीपुरा इंदौर के साथ एक 16 वर्षीय नाबालिग बालिका को गिरफ्तार करते हुए गिरोह का पर्दाफाश किया। आरोपियों से एक सोने की चेन जिसका वजन करीब 30.580 ग्राम सहित वारदात में उपयोग की गई आर्टीगा कार एमपी 9 एआर 0301 को जब्त किया। गिरफ्तार में निरी. पतिराम डावरे, उनि राकेश मेहरा, प्रआर सुधीरसिंह राठौर, राजसिंह, विकास बोरासी आर अविनाश, मिश्रा, म.आर. वर्षा कैथवास, वर्षा पाटीदार आर चन्दरसिंह माकों, महेन्द्र, सदीप शर्मा, प्रवीणा सोलकी, मेघा राणा, सायबर सेल टीम निरी अमित कोरी उनि जीवन बारीया राजा तिवारी, प्रआर मनमोहन शर्मा, लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी, हेमन्तसिंह, आर मयक व्यास, विपुल भावसार एव थाना धामनोद जिला धार की टीम की विशेष भूमिका रही।

पुरस्कृत होंगे पुलिसकर्मी

एसपी घनघोरिया ने बताया कि माणक चौक थाना पुलिस ने तत्पर्ता दीखते हुए चैन स्नेचिंग की वारदात के चौबीस घंटे के भीतर गिरोह के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाने की पुलिस और गठित टीम ने सराहनीय कार्य किया है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने गिरोह का खुलासा करने वाले पुलिसकर्मियो को पुरुस्कृत करने की घोषणा की है।

बैठक संपन्न

रतलाम। नगर निगम शहरी गरीबी उपशमन सामाजिक कल्याण प्रकोष्ठ सलाहकार समिति की बैठक समिति प्रभारी रामू भाई डाबी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कई अनुशंसा की गई। धर्मेन्द्र रांका, रणजीत टांक, देवश्री पुरोहित, संगीता सोनी, आशा रावत, मीनाक्षी सेन, जितेन्द्र राठौर आदि उपस्थित थे।

प्रशासन गांव की ओर अभियान में सरकारी अधिकारी पहुंचे गांव

▸ अभियान अंतर्गत क्लस्टर पंचायत मुख्यालय ईसरथुनी में हुई सुनवाई

नवभारत न्यूज

रतलाम। भारत सरकार एवं राज्य सरकार की चिन्हित फ्लैगशिप योजनाओं में शत् प्रतिशत सेचुरेशन प्राप्त करने हेतु ''प्रशासन गांव की ओर अभियान'' के तहत आज शनिवार को सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने ईसरथुनी क्लस्टर अंतर्गत 24 ग्राम पंचायतों मे पहुँच कर आमजन की समस्याएं सुनी एवं समाधान योग्य समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया।

जिला स्तर एवं राज्य स्तर से समाधान योग्य समस्याओं को अनुश्रवण पंजी में दर्ज किया गया। क्लस्टर पंचायत मुख्यालय ईसरथुनी पर सभी पंचायतों के नोडल अधिकारियों की सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन द्वारा ग्राम पंचायतवार समीक्षा की गई। भ्रमण के दौरान सीईओ जिला पंचायत के साथ तहसीलदार ऋषभ ठाकुर सहित जिला स्तरीय नोडल अधिकारी एवं मैदानी शासकीय अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे। सीईओ जिला पंचायत ने पीएम श्री हाई स्कूल कनेरी का निरीक्षण कर निर्माणाधीन कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन ने पीएम श्री हाई स्कूल कनेरी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्कूल की रंगाई-पुताई करवाने, एआई व म्यूजिक क्लासेस प्रारंभ करवाने तथा खेल मैदान एवं निर्माणाधीन कम्प्यूटर लेब का कार्य शीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश दिए।

रेलवे पुल निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत सीईओ जिला पंचायत वैशाली जैन ने रतलाम मोरवानी रेलखंड के रेलवे समपार क्रमांक-79 पर रेलवे पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। मटेरियल गुण नियंत्रण प्रयोगशाला का निरीक्षण किया। काम गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करवाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के संबंधित अधिकारी एवं ठेकेदार को दिये।

सचिव घर रखते हैं केशबुक और अन्य दस्तावेज

सीईओ जिला पंचायत ने ग्राम पंचायत बिबडोद कार्यालय का निरीक्षण किया एवं व्यय लेखा संधारण की जानकारी सचिव से ली। सचिव द्वारा केशबुक एवं अन्य दस्तावेज घर पर रखने पर नाराजगी जाहिर की। वहीं ग्राम पंचायत सागौद का निरीक्षण किया। पंचायत मे संधारित रजिस्टर/ रिकार्ड का अवलोकन किया। लेखा संधारण की जानकारी ली । साथ ही आंगनवाडी केन्द्र सागोद का निरीक्षण किया। बच्चों से चर्चा कर आगनवाडी संचालन एवं मध्याह्न भोजन के बारे में जानकारी ली। सागौद के स्कूल में संचालित परीक्षा का निरीक्षण भी किया।

एक नजर में

शक्ति संचय अभियान क्षमतावर्धन प्रशिक्षण भीमाखेड़ी में हुआ आयोजित

जावरा। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था चित्रांश सामाजिक वेलफेयर सोसाइटी समिति द्वारा शक्ति संचय अभियान अंतर्गत सेक्टर स्तरीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण ग्राम पंचायत भीमाखेडी में आयोजित किया। जिसके अंतर्गत समितियो को जानकारी देते हुए विकासखंड समन्वयक युवराजसिंह पंवार ने कहां की संपूर्ण प्रदेश में प्रस्फुटन समितियों का क्षमता वर्धन करना है, इस हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। प्रशिक्षण में सरपंच विष्णुबाई मौर्य ने भी अपने विचार रखते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं से सभी को अवगत कराया। स्वयंसेवी संस्था गठन एवं प्रबंधन विषय पर शिवेंद्र माथुर स्वैच्छिक संस्थाओं का गठन एवं प्रबंधन-प्रस्फुटन समितियो का दस्तावेजीकरण बोर्ड, बैनर जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रशिक्षण दिया। आभार प्रस्फुटन समिति समिति भीमाखेड़ी सचिव अर्जुन प्रजापतने माना।

सिरेकुंवर संघवी का निधन

सैलाना। नगर के कपड़ा व्यवसाई, श्री वर्धमान स्थानक वासी जैन श्रावक संघ के वरिष्ठ श्रावक सरदार मल संघवी की धर्म पत्नी सुश्राविका सिरेकुंवर संघवी 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। आपके निधन से जैन समाज में शोक की लहर फैल गई। शनिवार को संघवी निवास से निकली अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, नगर के नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर श्री वर्धमान स्थानक वासी जैन श्रावक संघ अध्यक्ष राजेश सियार, श्री सुधर्म जैन संघ अध्यक्ष विजय डोसी, जैन धर्मशाला प्रबंध समिति अध्यक्ष अशोक चंडालिया ने पदाधिकारियों के साथ शाल ओढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया ।सदर बाजार में जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशूराम निनामा, बस स्टेंड चौराहा पर कांग्रेस नेता महेंद्र शुक्ल ने भी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शांतिवन पर आयोजित शोकसभा में हिम्मत श्री माल जावरा, महेश डाकोलिया इंदौर, प्रदीप छिपानी, राज कमल जैन, डा ओपी जोशी, योगेंद्र रूनवाल, धर्मदास गण परिषद के शैलेश पीपाड़ा, सुरेंद्र कुमार ओस्तवाल, देवेंद्र चोपड़ा, जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ अध्यक्ष सुरेंद्र मेहता, जैन जागृति मंच, प्रमोद सालेचा, विमल छाजेड़, संजय मांडोत, शांतिवन जीर्णोद्वार समिति सहित गणमान्य नागरिकों ने सिरे कुंवर संघवी के धार्मिक, पारिवारिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की ।शोक सभा का संचालन पियूष सालेचा जैन ने किया। शांति वन पर संघवी के जेष्ठ पुत्र धनसुख, धर्मेंद्र, संजय ,मनीष संघवी ने मुखाग्नि दी।

जिले में भाजपा के मंडल प्रशिक्षण वर्ग का जावरा विधानसभा से शुभारंभ

जावरा। भाजपा ने पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 का जावरा विधानसभा से शुभारंभ किया। पहले दिन डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय मंडल एवं मिंडेश्वर महादेव मंडल मे मंडल प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ हुए, जिनका समापन 15 मार्च को होगा। प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने संबोधित किया। प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ भाजपा जिलाध्यक्ष श्री उपाध्याय द्वारा दीप प्रजलित कर किया गया। संबोधन में उन्होंने कहा कि भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रशिक्षण देती है। पार्टी का जब भी नवगठन होता है, तो कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण वर्ग मे जानकारी दी जाती है। प्रशिक्षण वर्ग के दौरान जावरा के डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय मंडल में विधायक डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय, जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, जिला महामंत्री महेश सोनी, सत्र प्रमुख शैलेंद्र डागा, मंडल अध्यक्ष मांगीलाल पांचाल, मिंडेश्वर मंडल में जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, सत्र प्रमुख शैलेंद्र डागा, जिला महामंत्री महेश सोनी मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह देवड़ा, वर्ग संयोजक डॉ. मुकेश गुर्जर उपस्थित रहे।

देशभर के वैज्ञानिकों ने रखे शोध अनुभव

▸ दो दिवसीय अंतरविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन

नवभारत न्यूज

रतलाम। उच्च शिक्षा में नवाचार और शोध संस्कृति को प्रभावी बनाने के लिए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम में 'अनुसंधान पद्धति: उच्च शिक्षा में नवाचार, चुनौतियां एवं भविष्य की संभावनाएं' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन सत्र गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

संगोष्ठी में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के विद्वानों, प्राध्यापकों, शोधार्थियों और छात्रों की सहभागिता रही। मुख्य अतिथि प्रो.राजीव आर. ठाकुर ने विद्यार्थियों को शोध और नवाचार की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। रतलाम में जन्मे वरिष्ठ अंतरिक्ष वैज्ञानिक प्रो. प्रहलाद चंद्र अग्रवाल ने मैसेज के माध्यम से अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि उन्होंने वर्ष 1961 में इसी महाविद्यालय में बीएससी तक अध्ययन किया बाद में उनका चयन भाभा आण्विक अनुसंधान केंद्र मुंबई में हुआ। उन्होंने टीआईएफआर में कॉस्मिक रे एवं एक्स-रे खगोल विज्ञान पर शोध कार्य किया और मुंबई विश्वविद्यालय से पीएचडी प्राप्त की। बाद में उन्होंने कैलटेक (अमेरिका) में शोध कार्य किया। संगोष्ठी में बीज व्याख्यान (की नोट एड्रेस) देते हुए प्रो. दीपक शर्मा (जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली) ने कहा कि शिक्षा और बुद्धिमत्ता अलग-अलग अवधारणाएँ हैं तथा नवोन्मेषी और आलोचनात्मक चिंतन ही वास्तविक ज्ञान की आधारशिला है। उन्होंने विद्यार्थियों से रटने की प्रवृत्ति से आगे बढ़कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। प्राचार्य डॉ. वायके मिश्र ने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्रों को जिज्ञासा, आत्मचिंतन, अनुसंधान की भावना विकसित करने प्रेरित किया। प्रो. गिरीश्वर मिश्रा पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा भी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े और शिक्षा को समाज तथा वैश्विक कल्याण से जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रस्तावना राष्ट्रीय सेमिनार के संयोजक डॉ. विनोद शर्मा ने प्रस्तुत की। संचालन डॉ. सी. एल. शर्मा ने किया।

जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण

रतलाम। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य के विषय पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विरियाखेड़ी ट्रेनिंग सेंटर, जिला रतलाम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रतलाम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आशा कार्यकर्ता तथा आशा सहयोगिनी ने प्रशिक्षार्थी के रूप में भाग लिया। कार्यक्रम में शासकीय मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर (पीएसएम विभाग) डॉ. ध्रुवेंद्र पांडे द्वारा जलवायु परिवर्तन के कारण मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले विपरीत प्रभावों तथा इससे होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने विशेष रूप से वायु प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और मौसमी बीमारियों के प्रभावों पर प्रकाश डाला।

'नारी लीड्स स्वच्छता' कार्यक्रम में सफाई मित्र महिलाओं का सम्मान

नवभारत न्यूज

सैलाना। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 से 14 मार्च 2026 तक आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत 'नारी लीड्स स्वच्छता' अभियान के तहत नगर परिषद सैलाना में सफाई मित्र महिलाओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम नगर परिषद सैलाना के अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला आरक्षक टीना सिसोदिया उपस्थित रहीं। नगर परिषद सैलाना द्वारा 7 मार्च को सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर उप स्वास्थ्य केन्द्र सैलाना में आयोजित किया गया था जिसमें उपस्थित सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ जितेंद्र रायकवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन में महत्वपूर्ण योगदान देने वाली सफाई मित्र महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सफाई मित्र महिलाएं उपस्थित रहीं। साथ ही सफाई मित्र महिलाओं द्वारा महिला आरक्षक टीना सिसोदिया को भी उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्वच्छता प्रभारी धन्नालाल परमार द्वारा सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में कविता बाई सोनू बाई ममता, बबली बाई शर्मीला बाई बबली बाई पूजा बाई मंगला बाई प्रीति खराड़ी, सफाई दरोगा महेश तंवर, हरिओम सिसोदिया, दीपक गोयर, सहयोगी संस्था यूनिक वेस्ट मैनेजमेंट से देवेंद्र भदौरिया, परवीन सहित समस्त सफाई मित्र उपस्थित रहे।

एक नजर में ▸ नेशनल लोक अदालत में 4518 को किया लाभांवित

सवा दो करोड़ रूपये की राशि सहित 219 प्रकरणों का निराकरण

नवभारत न्यूज

जावरा। नेशलन लोक अदालत के दौरान शनिवार को तहसील न्यायालय जावरा में 8 खण्डपीठ का गठन किया गया। उक्त लोक अदालत में न्यायालय में लंबित क्लेम प्रकरण 38 सीएनआईए चैक संबंधी प्रकरण 42, सिविल प्रकरण 48, विद्युत अधिनियम प्रकरण 40, आपराधिक प्रकरण 46, हिन्दू विवाह अधिनियम प्रकरण 5 राजीनामा योग्य सिविल व आपराधिक प्रकरण का निराकरण हुआ।

नेशनल लोक अदालत में राशि 2,10,31,433/- रूपये की राशि सहित 219 प्रकरणों का निराकरण कर 4518 को लाभांवित एवं बैंक, बीमा कंपनी, विद्युत अधिनियम, नगर पालिका के जलकर व संपत्तिकर के प्री-लिटिगेशन प्रकरण (वादपूर्व) कुल 417 प्रकरण का निराकरण कर राशि 18,67,355 रूपये की राशि की वसूली की गयी। उक्त नेशनल लोक अदालत में विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम एक्ट, जावरा जंगबहादुरसिंह राजपूत के न्यायालय में विद्युत अधिनियम के 40 प्रकरण व विद्युत अधिनियम के प्री-लिटिगेशन 46 प्रकरण सहित 15,92,303 वसूली राशि जमा कराकर प्रकरणों का निराकरण किया गया।

इनकी मौजूदगी में हुआ शुभारंभ

जिला न्यायाधीश- अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति, जावरा जंगबहादुरसिंह राजपूत, द्वितीय जिला न्यायाधीश परमानन्द चौहान, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एनएस. ताहेड, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड अरूणसिह अलावा, तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड अंकित भुजंग, चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड दीपक कनेरिया, पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड जावरा सुश्री नेहासिंह परिहार, षष्ठम न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड जावरा सुश्री शिवानी राठौर के साथ अधिकारीगण एवं न्यायालय कर्मचारीगण की उपस्थिति में दीप प्रज्जलित कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया।

डोडाचूरा तस्करी के आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास, 30 हजार का अर्थदण्ड

नवभारत न्यूज

जावरा। न्यायालय जंगहादुरसिंह राजपूत, विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस एक्ट) ने एनडीपीएएस एक्ट के तहत आरोपी साजिद मेव पिता युसुफ मेव(30) नि. ग्राम उमटपालिया को डोडाचूरा की तस्करी करने वाले आरोपी को 3 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 30 हजार अर्थदण्ड से दंडित किया है।

अति. जिला लोक अभियोजन अधिकारी विजय कुमार पारस एवं अपर लोक अभियोजक गगन श्रीमाल ने बताया कि 3 जनवरी 2019 को चौकी ढोढर थाना रिंगनोद पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि एक मारूति कार 800 सिल्वर रंग की जिसकी आगे की नबंर प्लेट पर एमपी.11, ईबी 4563 लिखा है, पीछे की नंबर प्लेट टूटी होकर एमपी.11 ई 4 लिखा है, में अवैध डोडाचुरा लेकर मोयाखेडा तरफ से ढोढर होते हुए कहीं जाने वाली है। पुलिस द्वारा बताये स्थान पर पहुंचा, जहॉ मुखबिर के बताए अनुसार एक मारूति कार क्रमांक एमपी 11, ई.बी. 5463 आयी, जिसे टार्च की रोशनी में देखकर रोकने के लिये इशारा किया, लेकिन कार चालक ने जान से मारने की नियत से कार को एकदम पुलिस फोर्स पर लेकर आया, बहुत मुश्किल से उसने व हमराह फोर्स ने वाहन से अलग हटकर बचाया और हटने से उक्त कार शासकीय वाहन से टकरा गयी, अंधेरा अधिक होने से कार चालक भाग गया, कार की तलाशी में तीन प्लास्टिक के कट्टे प्राप्त हुए, जिनमें कुल 44 किलो 800 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडाचुरा होना पाया गया। विशेष न्यायालय द्वारा विचारण उपरांत 12 मार्च 2026 को अभियोजन साक्ष्य को प्रमाणित पाते हुए, आरोपी साजिद मेव पिता युसुफ मेव, को 3 वर्ष के कठोर कारावास एवं 30 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया एवं धारा 307 भादवि को प्रमाणित ना पाते हुए आरोपी को धारा 307 भादवि में दोषमुक्त किया गया।